पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी में आजमगढ़ एवं वाराणसी मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

## जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए, सभी औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए तत्काल कार्य शुरू किए जाएं : मुख्यमंत्री

## औद्योगिक क्षेत्रों, ब्लॉक मुख्यालयों एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण को वरीयता दी जाए

## नगर विकास विभाग के कार्यों में जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को शामिल करने के निर्देश

## आजमगढ़ एवं वाराणसी मण्डल में पर्यटन विकास से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश

## शासन की मंशा हर जनोपयोगी एवं विकासपरक योजना को मूर्त रूप देना, इसके लिए सम्बन्धित व्यक्ति की जवाबदेही तय की जाएगी

**लखनऊ : 28 जुलाई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के चतुर्दिक विकास हेतु आज जनपद वाराणसी के सर्किट हाउस सभागार में आजमगढ़ एवं वाराणसी मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों से उनके विधानसभा क्षेत्र की परिस्थितियों, जनअपेक्षाओं एवं विकासपरक कार्यों की प्राथमिकताओं के विषय में चर्चा की। बैठक का उद्देश्य योजनाओं की समीक्षा करने के साथ ही, जनोपयोगी व दूरवर्ती क्षेत्र का प्राथमिकता के आधार पर विकास सुनिश्चित करना था।

मुख्यमंत्री जी ने समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा लोक निर्माण, नगर विकास एवं पर्यटन विभाग से सम्बन्धित प्रस्तावित कार्यों की विधानसभावार चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए। इनका अविलम्ब एस्टिमेट तैयार कर, सभी औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए तत्काल कार्य शुरू किए जाएं। जिन सड़कों, सेतु व लघु सेतुओं की सर्वाधिक आवश्यकता हो, उनके निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। इसके अन्तर्गत

औद्योगिक क्षेत्रों, ब्लॉक मुख्यालयों एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण को वरीयता दी जाए। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य कार्यों को पूर्ण कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने नगर विकास विभाग के कार्यों में जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने आजमगढ़ एवं वाराणसी मण्डल में पर्यटन विकास से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यों में ब्लॉक मुख्यालयों तक सम्पर्क मार्ग, इण्टर कनेक्टिविटी मार्ग, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, आर0ओ0बी0 बाईपास, फ्लाईओवर, सेतु, लघु सेतु, ओ0डी0आर0/एम0डी0आर0 की सड़कें, ब्लैक स्पॉटों के सुधार एवं पाण्टून पुल आदि कार्य जनोपयोगी होने के साथ ही, स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में भी सहायक होंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शासन की मंशा हर जनोपयोगी एवं विकासपरक योजना को मूर्त रूप देना है। इसके लिए सम्बन्धित व्यक्ति की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराया जाएगा।

बैठक में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर, पंचायती राज मंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर, कारागार मंत्री श्री दारा सिंह चौहान, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवीन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 दयाशंकर मिश्र 'दयालु', खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरीश चन्द्र यादव, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी सहित वाराणसी एवं आजमगढ़ मण्डल के विधान परिषद सदस्य एवं विधायकगण उपस्थित थे।

————————